कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण झाँसी (उ० प्र०) दिनांक: 04 OCT 2014

स्वच्छता की शपथ ली, श्रमदान किया

झाँसी : भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में गाँधी जयन्ती के उपलक्ष्य में भेल कारखाना के मुख्य द्वार पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर महाप्रबन्धक (प्रभारी) एम खासगीवाला ने माल्यार्पण किया। साथ ही महाप्रबन्धक (ट्रांस्फॉर्मर) तरुण निगम, महाप्रबन्धक (लोको) सुभाष सक्सेना, महाप्रबन्धक (एमएम एवं सीडीसी) एबी गुप्ता, अपर महाप्रबन्धक (मासं) हेमन्त कुमार वर्मा, असोसियेशन के पदाधिकारी, भेल महिला कल्याण समिति के सदस्य आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि महाप्रबन्धक (प्रभारी) एम खासगीवाला ने बापू के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ ग्रहण करायी। सभी ने श्रमदान करके कारखाना परिसर में सफाई की। संचालन सत्य प्रकाश ताम्रकार ने किया। बाद में समिति के सचिव आर के गौतम ने आभार व्यक्त किया।

– भेल कर्मियों ने 2 अक्टूबर को ही जन्मे गाँधीवादी विचारधारा के अनुयायी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

– भेल शिक्षा निकेतन में महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य आरवीएस जादौन ने झण्डारोहण किया। छात्राओं ने रामधुन गाई। इस मौके पर शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

पेन्शनर्स- डे 17 दिसम्बर को मनायेंगे

झाँसी : उत्तर प्रदेश राजकीय सिविल पेन्शनर्स परिषद की मासिक बैठक रायफल क्लब में इंजी. देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुयी, जिसमें 17 दिसम्बर को पेन्शनर्स- डे मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही 75 वर्ष के पेन्शनर्स को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में सचिव अनिल कुमार गुप्ता, आरडी कोष्टा, शिवरतन सिंह सेंगर, कुँवर लाल श्रीवास्तव, निर्मल कुमार जैन, आरबी झा, नईम उद्दीन आदि उपस्थित रहे। संचालन एस के गोस्वामी ने किया।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।